ग्वालियर | शनिवार | 10 जनवरी 2026 | वर्ष 31 | अंक 146 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com | twitter.com/Nava_Bharat | fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत




## एक नजर में



### डीडी न्यूज पर क्रिएटर्स कॉर्नर होगा शुरू

**नई दिल्ली.** केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 2026 को लोक प्रसारण उपक्रम प्रसार भारती के लिए सुधारों का वर्ष बताते हुए शुक्रवार को डीडी न्यूज पर एक विशेष मंच क्रिएटर्स कॉर्नर शुरू किए जाने की घोषणा की, जिस पर देश भर के सृजनशील लोगों की डिजिटल माध्यम में सृजित सामग्री दिखाई जाएंगी. यह कार्यक्रम सोमवार से शुक्रवार तक शाम 7.00 बजे डीडी न्यूज पर प्रसारित होगा और अगले दिन सुबह 9.30 बजे इसका पुनः प्रसारण होगा. प्रत्येक एपिसोड में विविध विषयों पर आधारित चार से छह रील या वीडियो दिखाए जाएंगे.

### हादसों में एक जवान और दो पोर्टरों की मौत

**श्रीनगर.** कश्मीर घाटी में दो अलग-अलग हादसों में एक जवान समेत दो पोर्टरों की मौत हो गई. अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बारामूला जिले के शीरी इलाके में नाइट पेट्रोलिंग ड्यूटी पर जाते समय ऊंचाई से फिसलकर गिरने से एक सैनिक की मौत हो गई. बलिदानी की पहचान सूबेदार हीरा लाल के तौर पर हुई, जो हरियाणा के अकबरपुर इलाके के रहने वाले थे. वह शीरी कैंप के फतहगढ़ में नियुक्त थे. उसे तुरंत गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज बारामूला ले जाया गया. जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

### बंगाल के राज्यपाल को धमकी देने वाला गिरफ्तार

**नई दिल्ली.** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस को एक अज्ञात प्रेषक द्वारा धमकी भरा ईमेल मिला, जिसके बाद पुलिस अलर्ट हो गई. बंगाल के राज्यपाल को ये धमकी ईमेल के जरिए गुरुवार को मिली है. धमकी के बाद से राज्यपाल की सुरक्षा बढ़ा दी गई है. वहीं, पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए धमकी भेजने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार किया. एक सीनियर लोक भवन अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि उस व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है. जिसने कथित तौर पर पश्चिम बंगाल के गवर्नर सी वी आनंद बोस को जान से मारने की धमकी वाला ईमेल भेजा था.

# हादसे ने छीनीं तीन जिंदगियां

## पूर्व मंत्री की बेटी समेत 3 की मौत, रालामंडल क्षेत्र में बायपास पर ट्रक में घुसी कार


प्रेरणा बच्चन


मानसिन्धु


प्रखर कासलीवाल

नव भारत न्यूज

**इंदौर. रालामंडल क्षेत्र में शुक्रवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर ट्रक में जा घुसी, जिससे कार के परखच्चे उड़ गए. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई. हादसे में पूर्व गृहमंत्री बाला बच्चन की बेटी प्रेरणा बच्चन और कार सवार दो अन्य युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवती अनुष्का राठी गंभीर रूप से घायल है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कार में सवार चारों दोस्त प्रखर कासलीवाल का कोको फार्म में जन्मदिन मनाकर लौट रहे थे. कार प्रखर चला रहा था. कार अनियंत्रित होकर ट्रक में जा घुसी. मृतकों की पहचान पूर्व मंत्री बाला बच्चन की बेटी प्रेरणा, कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता आनंद कासलीवाल का बेटा प्रखर कासलीवाल और मानसिन्धु के रूप में हुई है. प्रेरणा की कुछ समय बाद शादी होने वाली थी. अनुष्का नामक युवती इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हुई है, उसका उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है. यह घटना सुबह करीब 5.15 बजे रालामंडल इलाके में हुई. टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया. रालामंडल थाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. हादसे के बाद ट्रक चालक अपने वाहन सहित मौके से फरार हो गया है. पुलिस ने शहर के बाहरी रास्तों पर नाकेबंदी की, लेकिन अभी तक वह पकड़ा नहीं जा सका है. बहरहाल, सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि आरोपी चालक को जल्द गिरफ्तार किया जा सके.

**एमपीपीएससी की तैयारी कर रही थी प्रेरणा बच्चन :** चारों कार सवार इंदौर के रहने वाले हैं. प्रेरणा बच्चन नर्मदा भवन के पास स्कीम नं 74, प्रखर कासलीवाल तिलक नगर, मानसंधु भंवरकुआं और अनुष्का रॉयल अमर ग्रीन की रहने वाली है. प्रेरणा ने मुंबई से एमबीए किया है और इंदौर में रहकर एमपीपीएससी की तैयारी कर रही थी. ( **शेष पेज 11 पर** )

### हिमाचल में बस खाई में गिरने से 13 की मौत

**सिरमौर, 09 जनवरी.** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में एक भीषण सड़क हादसा हो गया. यहां श्री रेणुकाजी विधानसभा क्षेत्र के हरिपुरधार में एक प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर 400 मीटर खाई में गिर गई. इस हादसे में अब तक 13 लोगों के मारे जाने की सूचना है. हादसे में करीब एक दर्जन लोग घायल भी हुए हैं. वहीं, मरने वाला की संख्या बढ़ने की आशंका है. अभी तक करीब 30 लोगों को रेस्क्यू किया गया है. स्थानीय लोग राहत एवं बचाव कार्य में लगे हुए हैं. पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई है. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, जीत कोच बस शिमला जिला के कुपवी से सोलन जा रही थीं. कोहरे और ठंड के कारण सड़क पर फिसलन था. इसके चलते बस अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गई.



# प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में स्टेडियम और हेलीपेड का होगा निर्माण

- सीएम ने सिहावल विस क्षेत्र में लगाई सौगातों की झड़ी
- प्रदेश में 12 जनवरी से 31 मार्च तक चलेगा अभियान



नवभारत न्यूज

**सीधी, 9 जनवरी. मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने सीधी जिले के सिहावल विधानसभा क्षेत्र के बहरी में विशाल जनसभा को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि सीधी जिले में विकास के सभी कार्य कराए जाएंगे. अब सीधी किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहेगा. सीधी और सिहावल के लोगों के प्रेम ने मेरा दिल जीत लिया है. हम प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में स्टेडियम और हेलीपेड का निर्माण कराएंगे.**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिहावल विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी सभी मांगे पूरी की जाएगी. देवसर में पूर्णकालिक अपर कलेक्टर कोर्ट खुलेगा, बहरी में अगले शिक्षा सत्र से महाविद्यालय खुलेगा. सिहावल कॉलेज में विज्ञान और वाणिज्य संकाय को मंजूरी दी जाती है.

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीधी और सिहावल मेरे हृदय में बसा हुआ है. आज अपार जनसमूह से जो स्नेह मिल रहा है, वह हमेशा याद रहेगा. हम किसानों को हर साल 12 हजार रुपये किसान सम्मान निधि तथा लाड़ली बहना हितग्राहियों को हर साल 18 हजार रुपये दे रहे हैं. भाई तो बहन को केवल राखी में उपहार देते हैं. हमारी सरकार हर महीने बहनों को 1500 रुपये दे रही है. अब लाडली बहना हितग्राहियों को आर्थिक उन्नति का अवसर देने के लिए उद्योगों में अवसर देगी, जिससे बहनों को हर महीने कम से कम 5 हजार रूपये की आय हो.

( **शेष पेज 11 पर** )

# मैक्सिको में लैंड स्ट्राइक करेगा अमेरिका

## ट्रंप ने दावा किया कि ड्रग तस्करी के समुद्री रास्तों पर हासिल की सफलता

**वॉशिंगटन, 09 जनवरी. अमेरिका ने मैक्सिको में जमीनी कार्रवाई शुरू करने की बात कही है. राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इंटरव्यू में कहा, हम अब ड्रग तस्करों के खिलाफ जमीनी कार्रवाई शुरू करने जा रहे हैं. मैक्सिको पर ड्रग तस्करों का राज है. ट्रंप ने दावा किया कि ड्रग तस्करी के समुद्री रास्तों पर अमेरिका ने बड़ी सफलता हासिल कर ली है और अब उसका फोकस जमीनी मार्गों पर होगा.**



मैक्सिको ने हाल ही में हत्याओं में 40 प्रतिशत कमी के आंकड़े पेश कर ट्रंप प्रशासन को दिखाने की कोशिश की है कि वह अपराध के खिलाफ प्रभावी कदम उठा रहा है.

### डेनमार्क ने ट्रंप को दिया करारा जवाब

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकी के बीच डेनमार्क का जवाब आया है. रिपोर्ट के मुताबिक रक्षा मंत्रालय ने धमकी दी है कि अगर कोई विदेशी ताकत उनके इलाके पर हमला करती है, तो सैनिक आदेश का इंतजार किए बिना तुरंत जवाबी कार्रवाई करेंगे और गोली चलाएंगे.

# आंतरिक सुरक्षा को मिला डिजिटल कवच

## अमित शाह ने लॉन्च किया पहला राष्ट्रीय आईईडी डेटा सिस्टम

**आतंक से लड़ाई में बड़ा कदम आईईडी डेटा प्लेटफॉर्म लॉन्च**

**नई दिल्ली, 09 जनवरी. भारत ने आतंकवाद से निपटने की दिशा में एक बड़ी तकनीकी छलांग लगाई है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को देश के पहले राष्ट्रीय आईईडी डेटा मैनेजमेंट सिस्टम का वर्चुअल उद्घाटन किया.**



यह प्लेटफॉर्म नेशनल सिक्योरिटी गार्ड द्वारा विकसित किया गया है और इसका उद्देश्य आईईडी से जुड़े डेटा को सुरक्षित, संगठित और साझा करने की व्यवस्था बनाना है. इससे देश की आतंरिक सुरक्षा और एजेंसियों के बीच समन्वय और मजबूत होगा. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को भारत के पहले राष्ट्रीय आईईडी डेटा मैनेजमेंट सिस्टम को राष्ट्र को समर्पित किया, जिसे आतंकवाद और बम हमलों से निपटने के लिए एक बड़ा डिजिटल हथियार माना जा रहा है. यह सिस्टम नेशनल सिक्योरिटी गार्ड द्वारा विकसित किया गया है.


### हाईलेवल समीक्षा बैठक

अमित शाह ने गुरुवार को दिल्ली में जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा पर हाई-लेवल समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की. बैठक में मुख्य रूप से आतंकियों के ढांचे को नष्ट करने, एलओसी और आईबी पर जीरो घुसपैठ सुनिश्चित करने और क्षेत्र में स्थायी शांति स्थापित करने के उपायों पर चर्चा हुई.

# जयशंकर ने अमेरिका में किया था 670 किमी बायरोड सफर

- चार महीने बाद हुआ खुलासा
- वाणिज्यिक उड़ानें हो गई थी ठप

**नई दिल्ली, 09 जनवरी. भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर सितंबर में अमेरिका गए थे, तब उन्हें करीब 670 किलोमीटर का सफर सड़क के रास्ते करना पड़ा. भारत के विदेश मंत्री को ऐसा क्यों करना पड़ा, अब इस मामले में चार महीने बाद रिपोर्ट सामने आई है.**



अमेरिकी विदेश विभाग बताया कि सितंबर 2025 में वाणिज्यिक उड़ानों के ठप होने के बाद और सरकारी कामकाज के बंद होने के दौरान अमेरिकी सुरक्षा अधिकारियों ने विदेश मंत्री एस जयशंकर को 416 मील की दूरी तक गाड़ी से पहुंचाया था. भारत के विदेश मंत्री की अमेरिका में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के साथ मीटिंग थी, लेकिन वाणिज्यिक उड़ानों के ठप होने की वजह से उन्हें बायरोड सफर करके जाना पड़ा.

### जिला अदालत की पांचवीं मंजिल से कूदकर लिपिक ने दी जान

**नयी दिल्ली 09 जनवरी।** राष्ट्रीय राजधानी में साकेत जिला अदालत के एक अहलमद (लिपिक) ने कथित तौर पर शुक्रवार सुबह अदालत की पांचवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान हरीश सिंह महार के रूप में हुई है, जो 60 प्रतिशत शारीरिक रूप से विकलांग थे और अहलमद के पद पर तैनात थे। पुलिस ने बताया कि उनके पास से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। महार ने सुसाइड नोट में लिखा, मैं दफ्तर के काम के दबाव के कारण आत्महत्या कर रहा हूँ... मैं 60 प्रतिशत विकलांग व्यक्ति हूँ.

# अमेरिकी मंत्री के दावे को भारत ने किया खारिज

## कहा था- मोदी के ट्रंप से बात नहीं करने पर अटका था समझौता

**नई दिल्ली, 09 जनवरी. भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर उपजे विवाद पर विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को अपनी स्थिति स्पष्ट की है. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच दोस्ताना संबंध हैं और उन्होंने हमेशा राजनयिक नियमों के अनुसार एक-दूसरे को आपसी सम्मान के साथ संबोधित किया है.**



अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक के उस दावे को भारत ने सटीक नहीं बताया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि पीएम मोदी द्वारा राष्ट्रपति ट्रंप से सीधे बात न करने के कारण समझौता नहीं हो सका. रणधीर जायसवाल ने कहा यह कहना सही नहीं है कि बातचीत किसी व्यक्तिगत संवाद की कमी की वजह से रुकी है. दोनों पक्ष पिछले साल फरवरी से कई दौर की बातचीत कर चुके हैं और हम एक संतुलित समझौते के बेहद करीब हैं. लुटनिक के इस बयान के बाद यह चर्चा तेज हो गई थी कि क्या अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत के भारी टैरिफ का कारण व्यापारिक हितों के बजाय ट्रंप की व्यक्तिगत नाराजगी है.

### लुटनिक ने किया था ये दावा

भारत की प्रतिक्रिया अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक के उस बयान के कुछ घंटों बाद आई, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौता इसलिए अटक गया था, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समझौते को अंतिम रूप देने के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को व्यक्तिगत रूप से फोन नहीं किया.

# 28 जनवरी से शुरू होगा संसद का सत्र

**नई दिल्ली, 09 जनवरी.** केंद्र सरकार का बहुप्रतीक्षित केंद्रीय बजट 1 फरवरी रविवार को संसद में पेश किया जाएगा. बजट से पहले संसद का सत्र 28 जनवरी से शुरू होगा, जबकि 29 जनवरी को आर्थिक सर्वेक्षण लोकसभा में पेश किया जाएगा. आर्थिक सर्वेक्षण में देश की मौजूदा आर्थिक स्थिति, विकास दर और आने वाली चुनौतियों का खाका सामने रखा जाएगा. यह बजट मोदी 3.0 सरकार का दूसरा पूर्ण बजट होगा. इससे पहले वर्ष 2025 में मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट पेश किया गया था. सरकार के लिए यह बजट इसलिए भी अहम माना जा रहा है.

**राजनीति** | विधानसभा चुनाव के पहले ईडी बनाम दीदी की लड़ाई में उलझा राजनीतिक मुद्दा

# पश्चिम बंगाल की राजनीतिक लड़ाई में आया नया मोड़

प्रवेश कुमार मिश्र

**नई दिल्ली,09 जनवरी. पिछले दिनों ईडी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच हुई नोंक-झोंक के बाद पश्चिम बंगाल की राजनीति में अचानक नया मोड़ आ गया है. जहां एक तरफ टीएमसी इसे राजनीतिक संजीवनी के तौर पर इस्तेमाल करने में जुटी हुई है वहीं दूसरी ओर सत्ता संघर्ष में कल तक भारी पड़ रही भाजपा बदले हालात का अवलोकन कर अब फूंक-फूंक कर कदम बढ़ा रही है.**

राजनीतिक जानकारों की मानें तो ममता का ईडी से सीधे भिड़ंत कोई सामान्य कदम नहीं माना जा सकता है. पारिस्थितिक हालात का सही समय पर आंकलन कर अपने जुझारू स्वभाव के साथ मैदान में उतरने से ममता को कई मायनों में अपने समकालीन राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों से आगे कर दिया है. कुछ दिन पहले तक भाजपा की आक्रामक रणनीति के आगे विभिन्न मोर्चों पर लगातार पिछड़ती जा रही टीएमसी को ईडी के साथ टकराव और उसके राजनीतिकरण ने नई ? उर्जा के साथ ताकत दे दी है. टीएमसी के नेताओं ने कोलकाता की सड़कों से लेकर दिल्ली तक जिस तरह से मोर्चाबंदी की है उसके बाद यह कहा जा रहा है कि ममता ने आपदा में अवसर निकालकर राजनीतिक लड़ाई की दिशा बदलने का प्रयास कर दिया है. जानकार बता रहे हैं कि ममता ने जिस तरह से आई-पैक और ईडी के बीच के विषय को राजनीतिक आधार देते हुए इस पूरे प्रकरण से भाजपा को जोड़ने का प्रयास किया है उससे भाजपाई रणनीतिकारों का असहज होना स्वाभाविक है. ममता ने एक बार फिर अपने द्वारा रचित प्रख्यात नारा मां माटी मानूश को पंख देते हुए टीएमसी के राजनीतिक संघर्ष को बंगाल की अस्मिता से जोड़कर जनभावना को उभारने का प्रयास किया है. हालांकि भाजपाई रणनीतिकार उक्त प्रकरण से किसी भी तरह से होने वाले राजनीतिक नुकसान का आंकलन कर अपने प्रवक्ताओं के माध्यम से ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए उनकी मुहिम पर पानी फेरने के प्रयास में लग गए हैं. बताया जा रहा है कि भाजपाई रणनीतिकार पूर्व के राजनीतिक अनुभवों को आधार बनाकर सबसे पहले इस लड़ाई को बंगाली अस्मिता जैसे भावनात्मक पक्ष के साथ जोड़ने के टीएमसी के प्रयास को रोकते हुए इस मामले को भ्रष्टाचार से जोड़कर ममता को सीधे तौर पर राजनीति के साथ-साथ कानूनी मोर्चों पर घेरने की तैयारी कर रहे हैं. बहरहाल, टीएमसी द्वारा सत्ता बचाने व भाजपा द्वारा सत्ता पाने के बीच जारी राजनीतिक लड़ाई का हश्र क्या होगा , यह कहना मुश्किल है लेकिन ईडी द्वारा तय किए गए छापों के समय को लेकर राजनीतिक बहस जारी है.

# खराब मौसम से एयर इंडिया की अंतरराष्ट्रीय उड़ानें प्रभावित

**09 जनवरी को मुंबई से लंदन गैटविक की ओर मोड़ा**

**नई दिल्ली, 09 जनवरी. खराब मौसम की वजह से शुक्रवार को एयर इंडिया की दो अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को अपने तय गंतव्य पर उतरने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा. स्थिति को देखते हुए सुरक्षा मानकों के तहत उनके मार्ग में बदलाव किया गया. एयर इंडिया के प्रवक्ता की ओर से इस संबंध में आधिकारिक बयान जारी किया गया है.**

जानकारी के अनुसार, 9 जनवरी को मुंबई से लंदन हीथ्रो जा रही उड़ान एआई 131 को गंतव्य हवाई अड्डे पर प्रतिकूल मौसम के कारण लंदन गैटविक की ओर मोड़ दिया गया. विमान को पहले लंदन हीथ्रो के ऊपर कुछ समय तक होल्ड करना पड़ा, क्योंकि वहां खराब मौसम की स्थिति बनी हुई थी.

इसी तरह, अमृतसर से बर्मिंघम जा रही उड़ान एआई 117 भी गंतव्य हवाई अड्डे पर खराब मौसम के कारण उतर नहीं सकी.